तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025



12 पंचायत सचिव संघ के आंदोलन को कांग्रेस कमेटी के ...



13 74वीं बटालियन ने शहीद जवानों के याद में ...



# इंद्रावती सूखी, फसलें हो रही बर्बाद, किसानों ने की मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

इंद्रावती नदी के सूखने के कारण बस्तर क्षेत्र के किसानों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। नदी के जलस्तर में गिरावट के चलते मक्का और अन्य फसलें सूख रही हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने राज्य सरकार से इस संकट के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

■ इंद्रावती नदी के जल वितरण प्रणाली में बदलाव और सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जरूरी

इंद्रावती नदी के पानी पर निर्भर किसानों के खेतों में पानी की कमी हो गई है। नदी के पानी के बिना सिंचाई करना मुश्किल हो गया है, जिससे मक्का और सब्जियों जैसी फसलें सूख रही हैं। किसानों का कहना है कि इस साल फसल की पैदावार नहीं होने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इंद्रावती नदी से प्रभावित किसानों ने बस्तर जिले की 22 पंचायतों के साथ मिलकर राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की है। ग्राम पंचायत नदीसागर के किसान रघु बघेल का कहना है कि नदी के सूखने से उनकी आजीविका खतरे में पड़ी है, इसलिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी मांग की है कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर नुकसान की स्थिति का आकलन करे और उसके आधार पर मुआवजा प्रदान करे। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति उपाध्यक्ष वीर सिंह बघेल ने बताया कि किसानों ने राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनका कहना है कि सरकार को न केवल सर्वेक्षण करना चाहिए बल्कि दीर्घकालिक समाधान के लिए भी कदम उठाने चाहिए। इंद्रावती नदी के जल वितरण प्रणाली में बदलाव और सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जरूरी है। इंद्रावती नदी का सूखना केवल एक स्थानीय समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है। जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक वर्षा की कमी, और नदी के जल के अनुचित प्रबंधन जैसे कारण इस संकट के पीछे हैं।

## राज्य सरकार से इस संकट के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की





## बर्बाद फसलों का मुआवजा दे सरकार

ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि इंद्रावती नदी के जलस्तर में गिरावट के कारण बस्तर क्षेत्र के किसानों की मक्का और अन्य फसलें सूख रही हैं। नदी के पानी पर निर्भर किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी हो गई है, जिससे उनकी आजीविका संकट में है। किसानों ने बस्तर जिले की 22 पंचायतों के साथ मिलकर राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसानों ने अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि फसलों की स्थिति का जायजा लेने के लिए कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे है। किसानों ने सरकार से तुरंत सर्वेक्षण कर प्रभावित क्षेत्रों का मूल्यांकन करने और मुआवजा प्रदान करने की अपील की है। साथ ही दीर्घकालिक समाधान के लिए जल प्रबंधन योजनाएं बनाने की भी मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे संकट से बचा जा सके। यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार से त्वरित राहत उपायों के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से महिला घायल



**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़गा में नक्सलियो द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। बोड़गा गांव की रहने वाली महिला आज सुबह महुआ बिनने के लिये जंगल गई हुई थी। इन्द्रावती नदी पर ताड़ोपोट घाट पर बर्तन धोकर वापस घर जा रही थी, साढे 6 बजे के आसपास नक्सलियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई । घायल महिला के दोनो ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 2 महिला सहित 5 नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, गोविन्द दीवान एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

थाना गीदम क्षेत्र में प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी तथा बस्तर फाइटर की टीम के द्वारा नियमित गश्त किया जा रहा था। शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर तुमनार नदी घाट के पास कुछ माओवादियों की उपस्थिति की खबर पर दंतेवाड़ा डीआरजी तथा बस्तर फाइटर की टीम रात्रि गस्त में रवाना हुआ था। वापसी के दौरान सुबह नेलगोड़ा तुमनार के नदी घाट के पगडंडी के पास जैसे ही टीम पहुंची पुलिस बल को देखकर कुछ लोग छिपने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर मौके पर ही दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर कुमारी रमशिला ओयाम (22), निवासी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## स्टील प्लांट को पांच एकड़ जमीन देने का मिला था साठ हजार का मुआवजा

महुआ की देशी शराब बनाने का मटका 300 सौ में बिक रहा

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर का लोहा और उससे स्टील बनाकर धन कमाने की सरकार की मंशा तो पूरी हो रही है लेकिन जिन किसानो और ग्रामीणों की जमीन पर स्टील प्लांट बना है उनमें से अधिकांश लोगो की हालत पहले की तरह मुफलिसी में है। जमीन देकर नगरनार के कुम्हारपारा के रहने वाले अंनत राम नाग की तरह दर्जनों लोग भूमिहीन होकर अपने पुश्तैनी काम से ही जीविका चला रहें हैं। कुम्हार अंनत राम की कहानी मार्मिक इसलिए भी है क्योंकि जो मुआवजा राशि स्टील प्लांट के लिए जमीन देने पर मिली थी वह खा पीकर बराबर हो गई। आज सुबह हरिभूमि के ग्रामीण क्षेत्र के प्रवास के दौरान बाइक में मिट्टी के बने हुए मटके और अन्य सामान को लेकर जा रहे हैं अनंतराम दिखाई पड़ा। अनायास यह ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ खेत चला गया, मुआवजा राशि खर्च हो गई, पुश्तैनी काम मिट्टी के मटके से चल रही जिंदगी



### 10-15 लोगों को मिली है नौकरी

अनंतराम ने बताया कि नगरनार के कुम्हारपारा में रहने वाले 40-50 परिवार के लोग कुम्हार है जो पिछड़ा वर्ग में आते है। यहां के लोगों की जमीन भी स्टील प्लान्ट के लिए ली गई जिनमें से 10-15 परिवार के एक एक युवक को एनएमडीसी में नौकरी मिली है बाकी सब लोग यहीं पुश्तैनी काम करके गुजारा चला रहे हैं।

### जमीन देने वालों का हाल जानने कोई नही आता

अनंतराम ने कहा कि स्टील प्लांट में लोहा से स्टील बनना शुरू हो गया है जहां काम करने वाले लोग बेहतर जिंदगी जी रहे हैं। वहीं सरकार और उद्योगपति भी मालामाल हो रहे है। ऐसे में सरकार और जमीन लेने वालों को हम जैसे लोगों की ▶▶| शेष पेज 12



## खबर संक्षेप

### नववर्ष पर निकलेगी स्कूटी रैली आज

**जगदलपुर।** हिन्दू नववर्ष के पहले दिन रविवार को शाम 4 बजे दंतेश्वरी मंदिर के सामने से स्कूटी रैली निकलेगी। सर्व हिन्दू समाज ने सभी सनातनियों से स्कुटी रैली और महाआरती में शामिल होने की अपील की है।

### अस्मिता जुडो सिटी लीग का शुभारंभ आज

**जगदलपुर।** आल बस्तर जिला जुडो संघ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा हैं कि प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में कल 30 मार्च को सुबह 10:30 बजे अस्मिता जूडो सिटी लीग का शुभांरम होगा। केवल बालिकाओं के लिए आयोजित इस मुकाबले में विभिन्न वजन समूहो में आयु वर्ग के अनुसार प्रतिभागी भाग लेंगे। वहीं शाम 5 बजे डीएसपी गीतिका साहू के मुख्य आतिथ्य में समापन एंव पुरस्कार वितरण होगा। कार्यक्रम में नगर निगम के सभापति योगेन्द्र पांडे, सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. सुषमा झा तथा सीवी रमन युनिर्वसिटी के डायरेक्टर अभिषेक अवस्थी मौजूद रहेंगे।

### माता संतोषी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 5 अप्रैल को

**जगदलपुर।** शहर के संतोषी वार्ड स्थित माता संतोषी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और नव निर्मित मंदिर का उद्घाटन विधि-विधान से होगा। 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक 4 दिन के धार्मिक कार्यक्रम में अलग–अलग दिन पूजा-अर्चना होगी। 2 अप्रैल दोपहर 3 बजे शोभायात्रा निकलेगी। 3 अप्रैल को 7:30 बजे श्री गणेश पूजा और 4 बजे मंडप पूजा, 4 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे सूर्य नमस्कार और कुमकुम पूजा, शाम 4 बजे मूर्ति अभिषेक पूजा अंतिम दिन 5 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे यज्ञ पूर्णाहूति तथा 11:56 बजे माता संतोषी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### कार की टक्कर से मासूम की मौत चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम ढोढ़रापहर में दुकान से घर वापिस लौट रहें बच्चे को कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। कार की टक्कर से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए बच्चे को सीएचसी नरहरपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे 36 वर्षीय राकेश कुमार परचाकी पिता फागू राम परचाकी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे दो बेटे है, बड़े बेटे का नाम ठोमेंद्र कुमार परचाकी उम्र 10 वर्ष एवं छोटे लड़के का नाम कीर्तन परचाकी उम्र 6 वर्ष है। बड़ा बेटा ठोमेंद्र कुमार परचाकी 28 मार्च को दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास गांव ढोढ़रापहर के दुकान में कुछ सामान लेने गया था। सामान लेकर जब वापिस मेन रोड पार कर रहा था, तभी सरोना तरफ से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 04 टीयू 1593 के चालक करप निवासी टिकेश्वर शोरी पिता प्रताप सिंह शोरी द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मेरे बेटे को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे बेटे के सिर में गंभीर चोट आई। घायल को ईलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर लेकर गए। सीएचसी में उपस्थित चिकित्सकों ने बालक को प्राथमिक जाँच करते हुए उसे मृत घोषित किया।

# नक्सल उन्मूलन मिशन कगार-2026: अबूझमाड़ में आईटीबीपी के बढ़ रहे कदम





## नक्सलियों का वर्चस्व कम होगा और उनके नापाक इरादों पर भी लगेगी लगाम




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/नारायणपुर**

सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर, आईटीबीपी, कोंडागांव छ.ग. के नियंत्रणाधीन सभी वाहिनियां जिला नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले इलाके अबूझमाड़ में मजबूती के साथ अपने कदम बढ़ा रही हैं। डी.आई.जी. राणा युद्धवीर सिंह अबूझमाड़ के दूरस्थ व खतरनाक इलाकों में आईटीबीपी द्वारा स्थापित किए जा रहे नए कैंपों के दौरान सभी ऑपरेशनों को फ्रंट से लीड कर रहे हैं और जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। इसी कडी में 41वीं वाहिनी, आईटीबीपी, कोंडागांव द्वारा अबूझमाड़ इलाके में हाल ही में खोले गए कैंप बेडमाकोटी से लगभग 5 किमी. और आगे पदमकोट में नया कैंप स्थापित किया है। नरेंद्र सिंह, सेनानी और उनकी 41वीं वाहिनी की टीम को कम समय में नई सी.ओ.बी. पदमकोट खोलने के लिए शाबाशी दी गई और सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रैंज, अमित कामले, डी.आई.जी., कांकेर रेंज, प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर, डी.आर.जी. व छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमों के सक्रिय सहयोग के लिए उनका शुक्रिया अदा किया गया। इस दौरान अमित भाटी, सेनानी 53वीं वाहिनी और राजीव गुप्ता, सेनानी 45वीं वाहिनी भी इस मौके पर मौजूद रहे।



### स्थानीय आबादी को मिलेगी सुविधाएं

पदमकोट का यह इलाका घने जंगलों से घिरा है तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां पर आईटीबीपी कैंप स्थापित होने से स्थानीय जनता में खुशी की लहर है और वे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आईटीबीपी की उपस्थिति से यहां नक्सलियों का वर्चस्व कम होगा और उनके नापाक इरादों पर भी लगाम लगेगी। डी.आई.जी. राणा युद्धवीर सिंह बताया कि आईटीबीपी के पदमकोटी कैंप में स्थानीय आबादी के लिए चिकित्सा सुविधा के साथ–साथ अन्य जन सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी और कहा कि ऐसे ऑपरेशनों में हमें हमारे सेंट्रल फ्रंटियर मुख्यालय के आई.जी. ओ.पी. यादव का निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा है।

जब तक सचिव संघ की मांगे पूरी नहीं होती, तब तक कांग्रेस है उनके साथ: जिलाध्यक्ष

# पंचायत सचिव संघ के आंदोलन को कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष का समर्थन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**

ग्राम पंचायत सचिव संघ शासकीयकरण की मांग को लेकर 17 मार्च से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा हुआ है। इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और सचिवों की मांगों को पूर्ण रूप से जायज ठहराते हुए समर्थन व्यक्त किया।



400 दिन से हो चुके हैं, मांगें अबतक अधूरी – बुधराम नेताम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंचायत सचिव संघ की मांगों के साथ खड़ी है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार को अपने घोषणा पत्र के वादों को पूरा करना चाहिए। मोदी सरकार की गारंटी के तहत 100 दिनों में मांग पूरी होनी थी लेकिन अब 400 दिन से अधिक हो चुके हैं और मांगें अभी भी अधूरी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने से पहले बड़े–बड़े वादे करती है, लेकिन सत्ता में आते ही उन्हें भूल जाती है। कांग्रेस पार्टी पंचायत सचिव संघ के इस आंदोलन में उनके साथ है और उनकी मांगों के पूरा होने तक समर्थन जारी रखेगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम के साथ पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, पीसीसी सचिव सकुर खान, जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष एवं पार्षद हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, प्रवक्ता प्रीति भदौरिया सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्रि में नहीं हुई दंतेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ में सजावट

## जिम्मेदारों ने कहा-जरूरत नहीं है



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी की शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में नवरात्रि पर मंदिर में रंगीन झालरों से कहीं पर भी सजावट नहीं की गई है। कॉरीडोर में जरूरत के अनुसार बिजली की रोशनी की गई है। वहीं ज्योतिकलश कक्ष में भी कोई सजावट नहीं है। इस संबंध में टेम्पल कमेटी के व्यवस्थापक तहसीलदार विनीत सिंह ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि शारदीय नवरात्रि की तुलना में चैत्र नवरात्रि में भीड़ कम होती है। इसलिए अधिक सजावट की जरूरत नहीं है। मंदिर कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि सिंपल तरीके से टेंट और बिजली जहां अति आवश्यक हो, वहीं लगाया जाए। इसलिए इस बार रंगीन झालरों से मंदिर को सजाया नहीं गया है।

■ तहसीलदार कहते हैं मंदिर कमेटी का निर्णय

# 100 साल बाद हिंदू नववर्ष के प्रथम दिन पांच ग्रहों की बन रहा महायोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी 30 मार्च से हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत हो रही है, जो एक नई शुरुआत और आशाओं का प्रतीक है। हिन्दू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। इस दिन ब्रह्मांड में नए मंत्रिमंडल का गठन भी होता है, जो पूरे वर्ष के घटनाक्रमों को प्रभावित करता है। 100 साल बाद इस दिन 5 ग्रहों की युति होने जा रही है। इस दिन चंद्रमा, शनि, बुध, राहु और सूर्य की मीन राशि में युति से बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग का निर्माण होने जा रहा है।

सनातन धर्म में हिंदू नव वर्ष का विशेष महत्व होता है। इस साल के हिंदू नव वर्ष में ग्रहों की स्थिति की बात करें तो राजा और मंत्री सूर्य देवता होंगे, जो अपने आप में शुभ संकेत है, वहीं ज्योतिष गणना के अनुसार हिंदू नव वर्ष में कई दुर्लभ योगों का निर्माण हो रहा है। हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हो 30 मार्च से रही है, जो दुर्लभ ग्रह योग के साथ आरंभ होगा। नव वर्ष के पहले दिन सूर्य, चंद्रमा, शनि, बुध और राहु एक साथ मीन राशि में रहेंगे, जिससे पंचग्रही योग का निर्माण होगा। इस योग के प्रभाव से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। एक साथ कई ग्रह इस दिन मिल रहे हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन समेत सभी राशियों के जातकों पर सकारात्मक और नकारात्मक रूप से देखने को मिलेगा। सूर्य और चंद्रमा की स्थिति नए साल के दिन सूर्य मीन राशि में रहेगा, जो आध्यात्मिकता, अंतर्ज्ञान और मानसिक शांति को बढ़ावा देगा। चंद्रमा मेष राशि में रहेगा, जो आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ाएगा। शनि और बृहस्पति का प्रभाव शनि मकर राशि में रहेगा, जो कर्म प्रधानता और अनुशासन बढ़ाएगा। बृहस्पति (बृहस्पति) वृषभ राशि में स्थित होगा, जो आर्थिक मामलों में स्थिरता और व्यावसायिक प्रगति का संकेत देता है। मंगल और राहु-केतु की भूमिका मंगल मिथुन राशि में रहेगा, जो संचार और प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों में तेजी लाएगा। राहु मीन राशि में और केतु कन्या राशि में रहेंगे, जिससे आध्यात्मिकता में वृद्धि होगी और राजनीतिक क्षेत्र में कुछ उथल-पुथल होगी।

### हिंदू नववर्ष के 12 माह

हिदू नववर्ष की शुरूआत आज से हो रही है और हिदू नववर्ष की शुरूआत चैत्र माह से होती है उसके बाद क्रमशः वैशाख, ज्येष्ठ आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष पौष, माघ और फाल्गुन हिंदू नववर्ष का अंतिम माह होता है।

# झूलेलाल मंदिर के साथ-साथ आसपास की गई साफ-सफाई



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में जन सहयोग संस्था के द्वारा एक दिन पहले 29 मार्च को सुबह मंदिर परिसर के आसपास साफ सफाई का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर के उपरांत तालाब परिसर एवं सड़क की भी सफाई किया गया। इस अवसर पर संस्था के अलावा समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। झूलेलाल जयंती आज है और उसके एक दिन पहले जनसहयोग संस्था के सदस्यों के द्वारा मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित समाज के वरिष्ठजन राजकुमार फव्यानी ने बताया कि 30 मार्च रविवार को सुबह साढ़े 8 बजे झूलेलाल मंदिर में प्रार्थना पूजा आराधना होगी तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर को पुराने कम्युनिटी हॉल में लंगर का कार्यक्रम है और शाम को जुलूस कार्यक्रम परंपरा के अनुसार निकाला जाएगा। जनसहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा समाज से सुनील वासवानी, अमर मोटवानी, संजू मोटवानी, सच्चानंद भाषवानी, प्रेम फव्यानी, रमेश जवरानी, दीपक पंजवानी, सुनील मोटवानी, लखन लाल शर्मा, जगदीश मोटवानी का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# मां बंजारी माता मंदिर में होगी घटों की स्थापना



**दुर्गूकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिन्हा ने बताया कि आस्था के ज्योत 30 मार्च को पहाड़ वाले मंदिर में 11 बजकर 36 मिनट से से 12 बजकर 24 मिनट के मध्य घट स्थापना होगी वहीं नीचे वाले मंदिर में 2 बजे ज्योत प्रज्वलित होगी। पर्व के दौरान प्रतिदिन धार्मिक पूजा पाठ सेवा गीत अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## पेज 11 के शेष

### प्रेशर आईईडी की ...

पैर में चोट आई, बांया पैर घुटने से नीचे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। विदित हो कि इससे पूर्व नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आने से गांव बोड़गा के दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में भर्ती किया गया उसके बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रिफर किया गया है।

### 2 महिला सहित ...

बोडगा थाना भैरमगढ़, कुमारी कोल्लो ओयाम (27), निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़, रामू ओयाम (38), निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़, बुधरु ओयाम (28), निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ तथा लखमू ओयाम (45), निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर बताया। उन्होंने नक्सली संगठन में सक्रिय सदस्य के रूप से कार्य करना भी बताया। आरोपियों के कब्जे से प्रेशर कुकर बम, वायर, बैटरी, पटाखा, माचिस, सबल, फावड़ा बरामद की गई। आरोपियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईडी लगाने के लिए स्थान की रेकी कर रहे थे। पुलिस टीम को आता देख भागने का प्रयास कर रहे थे। दोनों महिला सहित 5 माओवादी सदस्यों को न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड में भेजा गया।

### स्टील प्लांट को ....

विचार आया कि गर्मी का सीजन शुरू हो गया है ऐसे में मिट्टी के बने मटके का पानी पीना काफी अच्छा होता है यह सोचकर अनंतराम को रोककर उससे चर्चा की गई। नगरनार का निवासी यह गरीब कुम्हार ने जो बाते बताई वह काफी झकझोर करने वाली रही। उसने बताया नगरनार बस्ती जहां एनएमडीसी का बड़ा स्टील प्लांट बना है। वहीं पर एक मोहल्ला कुम्हारों का है जहां 40-50 परिवार बाप दादाओं के जमाने से रहकर मिट्टी के मटके और अन्य सामान बनाने का काम करते आ रहे हैं इसके लिए काली मिट्टी भेजापदर की ओर एक जगह से लाते है। 6 भाईयों का हमारा संयुक्त परिवार पांच एकड़ जमीन में फसल उगाकर और मिट्टी के मटके बनाकर परिवार चलाते थे उसने बताया पांच एकड़ का कुल मुआवजा 60 हजार मिला था इतने कम मुआवजा के सवाल पर अंनत राम नाग ने बताया कि यह भाटा जमीन थी इसमे 3 एकड हमारी निजी जमीन और दो एकड़ कब्जे में किए गए सरकारी जमीन थी इस तरह 60 हजार मुआवजा के अलावा परिवार में एक व्यक्ति को एनएमडीसी में नौकरी मिली नौकरी पाने वाला बड़े पिताजी का पुत्र है बाकि सभी भाई और उनके बेटे बेटियां सभी लोग मिट्टी के मटके बनाने का पुश्तैनी काम करते आ रहे हैं।

**शराब बनाने का एक मटका 300 और पानी का 100 रुपए में :** हरिभूमि से चर्चा में अनंतराम नाग ने बताया कि नगरनार से आज साप्ताहिक बाजार नानगुर जा रहा हूं। शुक्रवार को वहां बाजार भरता है वहां सामान बेचकर जो बच जायेगा उसे लेकर गांव लौट आउंगा। कुछ मटके में पाईप जैसे दोनों ओर आकार बने थे यह क्यों बनाया गया है यह पूछने पर उसने बताया कि इसे नारा तेलानी कहा जाता है इसमें ग्रामीण महुआ से शराब बनाते हैं यह भी बाजार में बिक जाता है। इसका दाम एक का 300 रुपए है वहीं पानी का मटका 100 रुपए और नंदी बैल 500 में बेचने की बात कही।

### जमीन देने वालों ....

सुध लेनी चाहिए जो गरीबी में अपने परिवार के साथ गुजर बसर कर रहे हैं। सबको नौकरी नही मिल सकती लेकिन जमीन देने वाले सभी परिवार के जवान बच्चों को काम देने और व्यापार जैसे रोजगार से जोड़कर उन्हें भी मदद करने की पहल होनी चाहिए ताकि जमीन देने वाले लोग भूमिहीन होकर बेकार ना रहे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# महिला किसानों के दल ने किया हर्बल फार्म का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**

गरियाबंद जिले की लगभग 60 प्रगतिशील महिला किसानों का दल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में गुरुवार, 27 मार्च को कोंडागांव स्थित श्मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर के दौरे पर पहुंचा। यह दिशा–भ्रमण छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य महिला किसानों को जैविक और औषधीय खेती की उन्नत तकनीकों से परिचित कराना था।

### महिला किसानों को मिले नवाचारों के महत्वपूर्ण सबक

महिला किसानों ने भारत के पहले सर्टिफाइड ऑर्गेनिक हर्बल फार्म में विभिन्न औषधीय एवं जैविक फसलों का अवलोकन किया। मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के विशेषज्ञों ने उन्हें औषधीय पौधों की उन्नत किस्मों, जैविक उत्पादन तकनीकों, औषधीय गुणों तथा विपणन की विस्तृत जानकारी दी।



### महिला किसानों ने सीखे नवाचार

*काली मिर्च एमडीबीपी–16, यह पारंपरिक काली मिर्च की तुलना में चार गुना अधिक उत्पादन देती है और प्रति एकड़ 5 से 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आय दे सकती है। प्राकृतिक ग्रीनहाउस मॉडल, यह प्लास्टिक आधारित पॉलीहाउस का किफायती और पर्यावरण–संवेदनशील विकल्प है। इसकी लागत मात्र 2 लाख प्रति एकड़ होती है, जबकि पारंपरिक पॉलीहाउस की लागत 40 लाख प्रति एकड़ तक होती है। ऑस्ट्रेलियन टीक, इसकी लकड़ी 15–18 वर्षों में प्रति एकड़ 60 से 80 लाख रुपये तक का रिटर्न दे सकती है। औषधीय पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी भारी मांग है। जिससे किसानों को बेहतर आय मिल सकती है। आदिवासी महिलाओं द्वारा उत्पादों का मूल्यवर्धन और राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण मिल रहा है।*

### मां दंतेश्वरी हर्बल समूह देगा महिला किसानों को सहयोग

डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने महिला किसानों को प्रेरित करते हुए कहा, फसल लगाने से लेकर उसे बेचने तक हम आपके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने महिला किसानों को जैविक और औषधीय खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### महिला किसानों में दिखा उत्साह

इस दिशा–भ्रमण के दौरान महिला किसानों ने औषधीय खेती के व्यावहारिक पक्षों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और इसे अपनाने के प्रति गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि यह दौरा उनके लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा और वे अपने गांवों में औषधीय खेती को अपनाने के लिए उत्साहित हुईं।

### महिला सशक्तिकरण की ओर कदम

मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर' लंबे समय से आदिवासी किसानों एवं महिलाओं को जैविक कृषि, औषधीय खेती और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रहा है। यह भ्रमण कार्यक्रम महिला किसानों को आधुनिक कृषि नवाचारों और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। भविष्य में भी ऐसे भ्रमण कार्यक्रमों के माध्यम से महिला किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मुख्य कार्यक्रम स्थल का विधायक ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा।** बस्तर संभाग की समृद्ध जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कला एवं संस्कृति परंपरा से परिपूर्ण अंचल के लोक कला, शिल्प कला, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थ के मूल स्वरूप को संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जिला मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस वृहद आयोजन में जिला सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, जिलों के सांस्कृतिक विजेता प्रतिभागी टीमों के अलावा अन्य राज्यों के सांस्कृतिक एवं कला पथक दल भी शिरकत करेगें। इस क्रम में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा हाई स्कूल ग्राउंड में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया।

### जल ग्रहण विकास परियोजना की दी गई जानकारी

**बीजापुर।** भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से वाटर शेड यात्रा बीजापुर जिले के माइक्रो वाटरशेड चेरपाल व चिन्नाकोडेपाल में आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जल ग्रहण विकास घटक 2.0 अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की जानकारी तथा जल ग्रहण के महत्व की जानकारी आमजन, कृषक व महिला समूह को चलचित्र, प्रभात फेरी, रैली, वृक्षारोपण, नारा लेखन, शपथ ग्रहण इत्यादि के माध्यम से प्रदाय किया गया। साथ ही साथ क्षेत्र में उक्त परियोजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में मार्गदर्शक की भूमिका अदा करने वाले 5-5 कृषकों को वाटर शेड मार्गदर्शक का प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीजापुर जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी जनपद सदस्य, पुष्पा कुरसम सरपंच व पंच, विभागीय अधिकारी, उप संचालक कृषि पी.एस.कुसरे परियोजना अधिकारी चुरेंद्र प्रकाश देवांगन व अन्य अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित थे।

अति नक्सल प्रभावित ग्रामों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# 74वीं बटालियन ने शहीद जवानों के याद में की क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के अति नक्सल प्रभावित ग्राम बुरकापाल में तैनात जवानों पर नक्सलियों के द्वारा एंबुस लगाकर 24 अप्रैल 2017 को एक बड़े घटना को अंजाम दिया जिसमें सीआरपीएफ 74 वी बटालियन के रणबांकुरो ने नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपनी शहादत दी। जिसके बाद से अपने वीर जाबांज जवानों के याद में सीआरपीएफ 74वी बटालियन के द्वारा लगातार सात वर्षों से शहीद रघुवीर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करती आ रही है।

जिसमें इस वर्ष यह आयोजन नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले चिंतलनार में आयोजन किया गया जिसमें सीआरपीएफ रेंज सुकमा के उपमहानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित कमांडेंट हिमांशु पांडे कमांडेंट डी एस बिष्ट द्वितीय कमान अधिकारी निशांत वैष्णव सहायक कमांडेंट सुमन सौरव , चन्द्रशेखर व डॉक्टर प्रेमनाथ की मौजूदगी में फाइनल मैच खेला गया जिसमें चिंतलनार व आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे ।



शहिद रघुवीर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नक्सलगढ़ कहे जाने वाले चिंतलनार गांव के क्रिकेट मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें घोर नक्सल प्रभावित आठ ग्राम लखापाल, नागाराम, चिंतलनार , मोरपल्ली, पुलमपाढ़ व पोटॉकबिन चिंतलनार ने हिस्सा लिया जिसमें फाइनल मुकाबला चिंतलनार व लखापाल के मध्य खेला गया। जिसमें चिंतलनार ने शानदार खेल दिखाते हुए लखापाल को 24 रनों को हराते हुए विनर कप में कब्जा किया वही लखापाल दूसरे स्थान पर रही। विजेता टीम को पंद्रह हजार नगद ट्रॉफी व क्रिकेट किट प्रदान किया गया। वही दूसरे स्थान पर रही लखापाल की टीम को नगद 10 हजार, रनरअप कप व क्रिकेट किट प्रदान किया गया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 74वीं बटालियन सुकमा जिले में 2013 से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों से लोहा ले रही है। साथ ही क्षेत्र की विकास व सुरक्षा के लिए लगातार अपनी कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। वहीं सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा के दौरान घात लगाए 300 सौ से ज्यादा नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया जिनका 74वी वाहिनी के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया और नक्सलियों से लड़ते लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए। जिनके शहादत को याद करते हुए पिछले सात वर्षों से नक्सल क्षेत्र के अंदरूनी ग्रामों में उन्हें याद करते हुए। शहीद रघुवीर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करती आ रही है।

### हमारे वीर जाबांज जवानों की याद में होता है आयोजनः पांडे

हमारे वीर जाबांज जवानों की याद में वाहिनी द्वारा यह आयोजन किया जाता है। साथ ही युवाओं को एक बेहतर मंच मिल सके और युवा हमसे सीधे जुड़ सके इसका खेल एक अच्छा माध्यम है। यहां के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा भरी हुई है। पूरे टूर्नामेंट में देखने को मिला कि यहां लड़के काफी अच्छी क्रिकेट खेलते है। और इनमें काफी हुनर है। 74वी वाहिनी आगे भी ऐसे अवसर लेकर युवाओं के साथ जुड़ते रहेगी। ताकि युवाओं को एक बेहतर मंच मिल सके।

### क्षेत्र की 2 बेहतर टीमों को भेजा जाएगा संभाग स्तरीय टूर्नामेंट मेंः सिंह

शहीद रघुवीर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सुकमा ऑप्स रेंज के उपमहानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित ने दोनों टीमों को पुरस्कार वितरण करने के पश्चात अपने संबोधन में कहा कि यहां के युवाओं को एक बेहतर खेल मंच सीआरपीएफ देने जा रही है। जिसके लिए जल्द ही संभाग स्तरीय स्तरीय क्रिकेट , फुटबॉल व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए संभाग भर से दो-दो टीम का चयन किया जाएगा और सभी खेलो में विजेता को एक लाख उपविजेता को पचास हजार का इनाम दिया जाएगा। यहां फाइनल मुकाबला देख ही यहां के बच्चों के हुनर का अंदाजा लग रहा है। की बेहतर मंच मिलने पर अब युवा भटकेंगे नहीं बल्कि खेल के माध्यम से अपने क्षेत्र राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

# ठाकुर सत्यानंद परमहंस देव का जन्म उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में राधा कृष्णा मंदिर में श्रीश्री ठाकुर बाल ब्रह्मचारी सत्यानंद परमहंस देव का 108 तम जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम नर नारायण सेवा संघ ने राधा कृष्ण मंदिर बंगाली कैंप किरंदुल में मनाया गया। ठाकुर सत्यानंद ब्रम्हचारी का 108 वां जन्म उत्सव उनके अनुयाई एवं भक्तों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। नर नारायण सेवा संघ द्वारा बंगाली कैंप में भव्य राधा कृष्ण मंदिर बनाकर उसमें ठाकुर श्रीश्री बाल ब्रह्मचारी सत्यानंद परमहंस देव की प्रतिमा स्थापित किया गया है। इस मंदिर में ठाकुर के 108 तम जन्म महोत्सव 28 मार्च दिन शुक्रवार को शाम को महिलाओं ने कलश स्थापना के लिए झांकी के रूप में बंगाली कैंप स्थित तालाब जाकर पानी भरा उसके पश्चात संध्या 6 बजे से श्रद्धालुओं ने भजन आरती प्रारंभ कर पूजा अर्चना किया रात 9 बजे से भक्तों के लिए भंडारा प्रारंभ किया गया, जो मध्य रात्रि तक चला, ठाकुर जी की पूजा पाठ संध्या से चलती रही और मध्य रात्रि 12 बजे 108 दिया प्रज्वलित कर ठाकुर सत्यानंद के जयकारे के साथ माखन का भोग लगवाया मंदिर प्रांगण में ठाकुर के जन्म उत्सव के मौके पर भगवा और सफेद रंग के बैलून से पूरे मंदिर प्रांगण को सजाया गया था जो एक आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी ठाकुर के भक्तों ने ठाकुर के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा के साथ ठाकुर जी की भजन कर रात भर जगराता किया जो दूसरे दिन शनिवार को सुबह 6 बजे समाप्त हुआ।

29 मार्च को सुबह 7:00 बजे उनके अनुयायियों एवं भक्तों ने पूरे नगर में भजन कीर्तन करते हुए ठाकुर जी को पूरे नगर में घुमाया एवं उनके अनुयाई एवं श्रद्धालुओं के घर जाकर ठाकुर जी के चरणों का धूल दिया उनके श्रद्धालु अपने द्वार पर पानी डाल के शंख घंटी बजा के ठाकुर जी को पूजा मंदिर में बैठक कर आरती करने के बाद आशीर्वाद ठाकुरजी से श्रद्धालुओं ने लिया पूरे नगर में भ्रमण के बाद ठाकुर जी को मंदिर लाकर फिर स्नान कराया गया उसके पश्चात फिर से भजन कीर्तन प्रारंभ कर राधा कृष्ण मंदिर में पधारे नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, पार्षद राजकुमार सोनी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पूर्व पार्षद राजेंद्र राय, इंटक सचिव ए के सिंह , जोविंस , धर्मपाल मिश्रा, रविन्द्र सोनी सभी अतिथियों का सवाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया दोपहर 12 बजे से ठाकुर की भोग आरती प्रारंभ हुआ जो हरे राम हरे कृष्ण भजन के साथ दोपहर 1:30बजे तक चला पश्चात हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा के पश्चात महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# नामधारी सीड्स कंपनी के खिलाफ किसानों की नाराजगी, मिर्ची बीज में गड़बड़ी से भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

नामधारी सीड्स कंपनी द्वारा 1701 डीजी मिर्ची के नाम पर गलत बीज बाजार में बेचे जाने से बस्तर के किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर 28 मार्च को बस्तर के किसानों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें करीब 60 किसान उपस्थित रहे।

बैठक में किसानों ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने कंपनी से मुआवजे की मांग को लेकर बैठक की थी, लेकिन कंपनी ने क्षतिपूर्ति देने में आनाकानी की। किसानों की समस्या को लेकर अब किसान संघ को सूचित कर उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

इस मुद्दे को लेकर आगे की रणनीति तय करने के लिए 30 मार्च दोपहर 12:30 बजे एक और बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई जाएगी। बस्तर किसान कल्याण संघ, बस्तर संभाग इस मामले में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगा ताकि किसानों को उनका हक मिल सके। इस अवसर उपस्थित किसानों के नाम लक्ष्मण गुप्ता, अजय टंडन, रुपेश



नायक, बीरुराम कश्यप, अजय कुमार लहरे, अमन लहरे, मनीष लहरे, केशव पाण्डे, उमाकांत पांडे, डमरू राम, अशोक ताम्रकार, अशोक कुमार, कोशले नरेंद्र पांडे, साहिल राम कश्यप, आयतु बघेल, डमरू राम , राजशेखर तिवारी, प्रेम शंकर वर्मा, संग्राम सेंगर,,लक्ष्मण कुमार गुप्ता, पुराण नायक, अशोक अधिकारी, सुमन गुप्ता, जड़मा मौर्य, हरबंधु कश्यप, कमलसाय बघेल, पूरन बघेल, खेमेश नायक, ब्रिनाथ कश्यप, अरमान, अनत, राजेश मोहन, बीजूराम लखुराम,, जागेश्वर सिंह ध्रुव, रोशन सोनवानी, आदर्श लहरे, लोकनाथ पांडे, डमरू राम, सोनूराम मौर्य, नारायण टंडन, सालिक राम नेगी, संतोष तिवारी , राजेश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भोपालपटनम के सुदूर गांव चिल्लामरका में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज : भोपालटनम

कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में एवं सीईओ जनपद पंचायत भोपालपटनम दिलीप उईके के नेतृत्व में भोपालपटनम ब्लॉक के अर्न्तगत ग्राम वरदली आश्रित गांव चिल्लामरका में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संड्रा, बड़े काकलेर, एडापल्ली, वरदली, सप्पी मार्का, उल्लूर, पीलूर, येडा पल्ली, राल्लपल्ली, सैंड्रा ईरपा गुट्टा,गुल्लापेंटा के हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए उत्साहित होकर पात्रतानुसार अपना आवेदन संबंधित विभाग को दिए।

शिविर में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, जल संसाधन, स्वास्थ्य, कृषि, श्रम, क्रेडा, शिक्षा सहित सभी विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारीगणों द्वारा विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों दी गई एवं योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए।



सीईओ दिलीप उईके ने बताया कि शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए ग्रामीण उत्साहित हैं। ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्या एवं मांगो से अवगत कराया गया एवं आवेदन जमा किए गए सभी प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित की जाएगी। इस जन समस्या निवारण शिविर में जनपद पंचायत के अध्यक्ष सरिता कूड़ेम, जिला पंचायत सदस्य कविता कोरम, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष नीलम गणपत , सैंड्रा क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य दिनेश मडे, वर्दली ग्राम पंचायत के सरपंच अनसूया तालंडी, सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत सचिवों की बेमियादी हड़ताल जारी



**बकावंड।** ब्लॉक मुख्यालय बकावंड में पंचायत सचिव संघ के आव्हानपर सचिव 17 दिन से लगातार बेमियादी हड़ताल पर बैठे हैं। मोदी की गारंटी पूरी कराने की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की हड़ताल को 18 दिन पूरे होने को हैं, लेकिन आज तक राज्य सरकार सचिव संघ से किए गए वादे को नजरअंदाज करती आ रही है। सचिव संघ के खगेश्वर कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार बने सवा साल पूर्ण हो रहा है। विधानसभा चुनाव के समय मोदी जी की गारंटी के अनुरूप पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी घोषित करने का वादा भाजपा ने किया था। इस साल के बजट सत्र में इस मुद्दे चर्चा तक नहीं की गई। पूरे प्रदेश में पंचायत सचिव हड़ताल माध्यम से अपना हक मांग रहे हैं। हड़ताल पर जनपद पंचायत बकावंड की 93 ग्राम पंचायतों में कार्यरत सभी 70 सचिव हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिव रोमसिंह पटेल का कहना है कि हम 17 मार्च से हड़ताल पर डटे हुए हैं। सरकार सिर्फ आश्वासन देती आ रही है। मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया जा रहा है।

# महावीर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जगदलपुर द्वारा सहयोग व समर्पण का संदेश देते हुए शनिवार को शहर के हाताग्राउण्ड में नौ दिवसीय महावीर कप सीजन 8 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। महावीर कप सीजन 8 के माध्यम से एकत्रित होने वाली राशि के जरिए सभी के सहयोग से किया जाना है। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि, जनता की सेवा के लिए समाज के सदस्यों ने आज एंबुलेंस सेवा प्रारंभ कर मानवता की मिसाल कायम करने के जनहित के ऐसे प्रयास के साथ ही स्वस्थ एवं समृद्ध जगदलपुर के उद्देश्य को सार्थक करने के संकल्प को भी पूरा किया है। श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने कहा कि, एंबुलेंस सेवा शुरू करने का श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने संकल्प किया था और आज मुझे बहुत ही खुशी हो रही है कि, आप सभी के सहयोग व समर्थन से हम सभी अपने इस संकल्प को पूरा करने जा रहे हैं। सभी सदस्यों के द्वारा पीड़ितों के लिए तत्काल चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एंबुलेंस सेवा एक महत्वपूर्ण कदम है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा सभी सदस्य भगवान महावीर के दिखाये हुए रास्ते पर चलकर एक नेक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस सद प्रयास के लिए मैं उपस्थित समस्त खिलाड़ियों एवं आयोजनकर्ताओं को भविष्य में इसी तरीके के बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामना देता हूँ। जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सुराना ने कार्यक्रम के सभी अतिथियों, जैन समाज के सभी सदस्यों एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु सहयोग करने वाले सदस्यों के समर्थन व कार्यक्रम में उपस्थित जगदलपुर शहर के गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। और कहा कि, सभी की एकजुटता और बेहतर सामंजस्य से एम्बुलेंस सेवा कार्य प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र कोचर ने उपस्थित सभी सदस्यों से पूरी एकजुटता के साथ सहयोग देने की अपील की ताकि एम्बुलेंस सेवा संचालन को सफल बनाने बनाया जा सके।इस कार्यक्रम के दौरान जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश बाफना, जितेंद्र श्रीश्रीमाल, सुरेंद्र दुग्गड़, शैलेन्द्र बाफना, धीरज बाफना, मनोज दुग्गड़, संदीप पारख, राजेश दुग्गड़, जिनेंद्र टाटिया, विकास बरड़िया, अनिल मिन्नी, पवन सालेचा, सुनील श्रीश्रीमाल, विनोद बाफना, देवेंद्र टाटिया, गुंजन बोरुंदिया, दिनेश कगोत, मोहित लुनिया, अजय मिन्नी, महावीर लुंकड़ सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के सदस्य, जगदलपुर के गणमान्य नागरिक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम की पूरी जानकारी जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य व इस आयोजन हेतु मीडिया प्रभारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा एवं मनीष पारख ने दी।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्र लखापाल और चिंतलनार में लगा आधार पंजीयन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार आधार कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोंटा विकासखंड के अंतर्गत माओवाद प्रभावित अंदरूनी गांवों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का ज़्यादा से ज़्यादा लाभ मिल सके।

कुछ समय पहले तक जहां लोगों में दहशत का माहौल था वहाँ अब प्रशासन ग्रामवासियों के लिए हर संभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि कोंटा विकासखंड के दूरस्थ अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार आधार पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन ग्रामीणों के नए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र,



आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड बनाये जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से लोगों के राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। आगे भी लगातार इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएँगे। शिविर के नोडल अधिकारी और नायब तहसीलदार योपेंद्र पात्रे ने बताया कि शिविर के माध्यम से 114 नवीन आधार पंजीयन, 79 आधार अपडेशन, 93 नवीन आयुष्मान कार्ड और 12 परिवारों के राशन कार्ड बनाने आदेश पत्र जारी किए गए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./325/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैनसिंह नेताम पिता सोमारू जाति भतरा ग्राम करपावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. बैसाखी नेताम निवासी ग्राम करपावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. बैसाखी नेताम पति सोमारू नेताम ग्राम करपावंड का दिनांक 14/08/2025 को मृत्यु हुई है। आवेदक चैनसिंह नेताम पिता सोमारू जाति भतरा ग्राम करपावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. बैसाखी नेताम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./329/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरंजन बघेल पिता रैबारू जाति भतरा ग्राम बड़ेदेवड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादाजी स्व. अस्तु निवासी ग्राम बड़ेदेवड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादाजी स्व. अस्तु पिता स्व. सुकमन ग्राम बड़ेदेवड़ा का दिनांक 09/04/2022 को मृत्यु हुई है। आवेदक निरंजन बघेल पिता रैबारू जाति भतरा ग्राम बड़ेदेवड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादाजी स्व. अस्तु मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतो की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

